जनता के लिए कुछ अमूल्य जानकारी

1. बिजली दिखती नहीं है। टूटे हुए तथा लटकते हुए बिजली के तार को न छूऐं। इसमें बिजली हो सकती है तथा आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।
2. बिजली के पोल या स्टेवायर को न छुयें। इसमें बिजली हो सकती है या अकस्मात् बिजली आ सकती है तथा आप दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं।
3. बिजली लाईन के पोल तथा स्टे रॉड के पास अपने जानवरों को न बांधें या इनमें अपने जानवरों को शरीर न रगड़ने दें। इनमें बिजली हो सकती है या अकस्मात् बिजली आ सकती है तथा आपके जानवर की मृत्यु हो सकती है।
4. बिजली एक आज्ञाकारी दास के साथ निर्दयी स्वामी भी है। अतः कृपया इससे छेड़–छाड़ या खिलवाड़ न करें। ऐसा करना घातक हो सकता है।
5. बिजली लाईन के नीचे या उसके पास ऐसा कोई मकान न बनायें, जिससे लाईन के तारों की दूरी निर्धारित सुरक्षित दूरी से कम हो जाये। क्योंकि इससे कभी भी अप्रिय दुर्घटना हो सकती है।
6. आपदा बता कर नहीं आती। बिजली लाईन के नीचे या उसके पास अपना खलिहान न रखें तथा घर एवं झोपड़ी आदि न बनायें। इससे खलिहान/झोपड़ी आदि में आग लग सकती है तथा जान माल की क्षति हो सकती है।
7. बिजली के तारों तथा डोरी आदि के पास लोहे की अरगनी को न बांधें, इसमें बिजली आ सकती है तथा दुर्घटना हो सकती है।
8. बिजली लाईन के नीचे या पास में हैन्ड पम्प, नलकूप आदि न लगायें। पाईप आदि लाईन के तार से छू सकती है तथा दुर्घटना हो सकती है।
9. बिजली लाईन के नीचे या पास में बस, ट्रक या ट्राली आदि को खड़ा न करें। उसके ऊपर से सामान आदि न उतारें। लाईन के तार से सम्पर्क, स्पार्किंग, फ्लैश ओवर आदि हो सकता है जिससे भयंकर दुर्घटना हो सकती है।
10. चालू लाईन के नीचे से लम्बी/ऊँची ताजिया, रथ, पाईप या सरिया आदि न निकालें। इससे तार छू सकता है तथा दुर्घटना हो सकती है।
11. लाईन के लटकते हुए तार के नीचे से निकलने का प्रयास न करें। आप तार से छू सकते हैं तथा दुर्घटना हो सकती है।
12. अस्थाई रूप से तार/डोरी खींचकर बिजली का इस्तेमाल न करें। यह असुरक्षित है तथा दुर्घटना हो सकती है।
13. बिजली लाईन के तार के टूटने, उसके लटके होने, लकडी के क्रास–आर्म के टूटने तथा पोल के झुकने आदि की सूचना शीघ्र से शीघ्र निकटतम बिजलीघर/सप्लायर को दें।
14. यदि किसी को बिजली पकड़ ले तो उसे सीधे कदापि न छुएं, इससे आपकी भी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे व्यक्ति को सूखी रस्सी, लकड़ी, डण्डे या कपड़े से अलग करें।

15. आग लगे भवन की बिजली तुरन्त बन्द कर दें।
16. बिजली से लगी हुई आग पर पानी कदापि न डालें। ऐसा करना खतरनाक है।
17. बिजली से लगी आग को बुझाने के लिए सूखे बालू (रेत) तथा बिजली का फायर एक्सटिंग्यूषर का प्रयोग करें तथा निकटतम फायर स्टेशन को सूचना दें।
18. जीवन्त अधिष्ठापन पर कार्य न करें। बल्कि अधिष्ठापन की बिजली बन्द करने के बाद कार्य करें।
19. बिजली कार्य इन्सुलेटिंग प्लेटफार्म जैसे रबर की चटाई, सूखी लकड़ी का तख्ता आदि पर खड़े हो कर ही करें, इससे आपकी सुरक्षा बनी रहती है।
20. कृपया बिजली की चोरी न करें। यह एक सामाजिक तथा कानूनी अपराध है। आप जैसे सम्मानित नागरिक से ऐसे अशोभनीय कार्य की अपेक्षा नहीं की जा सकती है।
21. विद्युत लाईन या उपकरणों पर कार्य सुरक्षा साधनों जैसे ग्लब्स, रबड के जूते, सेफ्टी बेल्ट्स, सीढी, अर्थिंग डिवाईस, लाईन टेस्टर, इंसुलेटेड प्लास तथा हैण्ड लाइन्स आदि का प्रयोग करके ही करें, इससे आपकी सुरक्षा बनी रहती है।
22. विद्युत लाईन तथा ट्रांसफारमर पर अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा कार्य नहीं किया जाना चाहिए बल्कि अधिकृत व्यक्ति से ही कार्य करवाना चाहिए।
23. घायल को मृतक न समझें। उसको तुरन्त कृत्रिम स्वांस दें एवं उसका प्राथमिक उपचार करें तथा डाक्टर को बुलायें।
24. अचेत व्यक्ति को कुछ न पिलायें। इससे नुकसान हो सकता है।
25. लकडी के पोल तथा क्रास–आर्म की समय–समय पर जांच करवायें। कमजोर तथा सड़े हुए पोल तथा क्रास–आर्म को तुरन्त बदलवा देवें, अन्यथा इससे जान–माल की क्षति हो सकती है।
26. बिजली से सम्बन्धित किसी भी कठिनाई के निवारण हेतु बिना किसी संकोच के विद्युत सुरक्षा विभाग से सम्पर्क करें। हम आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर एवं वचनबद्ध हैं।

पीछे | होम | आगे